संख्या- ए. 20011/30 (ख) /2021- हिन्दी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

खंड-9, के.स. का. परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली -3
दिनांक- 10 सितम्बर, 2021

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: 14 सितम्बर, 2021 हिंदी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव, भारत सरकार द्वारा जारी अपील।

उपरोक्त विषय पर निदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय के दिनांक 02 सितम्बर, 2021 के पत्र संख्या 11022/02/2021-हिंदी के तहत प्राप्त केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा जारी अपील की प्रति संलग्न कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संज्ञान में लाने हेतु परिचालित की जा रही है।

2. निदेशालय के सभी अधिकारियों एवं अनुभाग अधिकारियों से अनुरोध है कि 14, सितम्बर 2021 को इस अपील को अपने अनुभाग/प्रभाग/अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के संज्ञान में लाए ताकि वे अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने हेतु और प्रेरित हो सकें।

3. यह निदेशक के अनुमोदन से जारी किया गया है।

संलग्नक: यथोपरि

10.09.2021

(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
फोन नम्बर- 011-24361588

प्रतिलिपि.

1. निदेशक महोदय के प्रधान निजी सचिव : कृपया सादर सूचनार्थ
2. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/उप निदेशक
3. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे.
4. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली
5. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली
6. सहायक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) - विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
7. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक: विभाग की सरकारी वेबसाइट के माध्यम से।
8. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड

अजय भल्ला, भा.प्र.से.
AJAY BHALLA, IAS

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
नॉर्थ ब्लॉक/North Block
नई दिल्ली/New Delhi

सत्यमेव जयते

2

संख्या : 11022/2/2021-हिंदी

दिनांक : 01 सितम्बर, 2021

अपील

भारत जैसे विशाल और बहु-भाषी देश के नागरिकों को एक सूत्र में पिरोने तथा सम्पर्क भाषा के रूप में सम्पूर्ण देश को जोड़ने का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य राजभाषा हिंदी करती रही है। हिंदी आज सोशल मीडिया, समाचार-पत्रों, विज्ञापन, चल-चित्र, दूरदर्शन की एक सशक्त भाषा तो है ही, यह देश में व्यवसाय कर रही बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कार्य, विज्ञापन और उनकी अभिव्यक्ति का माध्यम भी बन चुकी है। पूरे देश में सभी राज्यों और धर्मों के लोगों द्वारा इसे सहजता से अपनाया जा रहा है।

2. आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी तथा संचार माध्यमों का युग है और हिंदी ने अपने आपको इन सभी से जोड़ लिया है। आज कम्प्यूटर और मोबाइल की, हिंदी के बिना प्रयोग करने की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि हम कम्प्यूटर को हिंदी से, और हिंदी से स्वयं को अच्छी तरह जोड़ लें। हिंदी सरकारी काम-काज के साथ-साथ इस देश की आम भाषा के रूप में धीरे-धीरे प्रगति की ओर अग्रसर है और हमें इसे बढ़ाने के अपने प्रयासों को इसी तरह जारी रखना होगा।

3. भारत सरकार के एक बड़े और महत्वपूर्ण मंत्रालय के रूप में, गृह मंत्रालय ने भी हिंदी को मन से अपनाया है तथा अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा स्वयं हिंदी में कार्य किया जा रहा है। माननीय गृह मंत्री को सभी फाइलें हिंदी में ही प्रस्तुत की जाती हैं तथा स्वयं उनके द्वारा फाइलों पर हिंदी में टिप्पणी लिखी जाती है। इससे निश्चित रूप से मंत्रालय के अधिकारी/कर्मचारी प्रेरित होंगे और वे भी अपने सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने की दिशा में अवश्य सोचेंगे। गृह मंत्रालय में 01 सितम्बर, 2021 से 15 सितम्बर, 2021 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। मुझे पूरी आशा है कि मंत्रालय के सभी कार्मिक पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

4. हिंदी दिवस-2021 के अवसर पर मैं गृह मंत्रालय और इसके अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि हम सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, ताकि सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके।

अजय भल्ला

(अजय भल्ला)

1. गृह मंत्रालय (मुख्य) और राजभाषा-विभाग के सभी अधिकारी/ डेस्क/ अनुभाग।
2. गृह मंत्रालय के सभी सम्बद्ध/ अधीनस्थ कार्यालय।
3. गृह मंत्रालय के नियंत्रण के अधीन सभी संघ राज्य-क्षेत्र प्रशासन।

Dir (DCPW)

Director's Personnel Section
डा.सं. / Dy. No. 1503
दिनांक / Dated 07/09/21

संख्या-11022/02/2021-हिंदी
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
***

(1/2)

एनडीसीसी-।। भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 02 सितम्बर, 2021

कार्यालय ज्ञापन

02 SEP 2021

विषय: 14 सितम्बर, 2021 हिंदी दिवस के अवसर पर, केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा जारी अपील।

14 सितम्बर, 2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर, केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा जारी अपील की एक प्रति इस अनुरोध के साथ भेजी जा रही है कि 14 सितम्बर, 2021 को इस अपील को अपने कार्यालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संज्ञान में लाए ताकि वे अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने हेतु और प्रेरित हो सकें।

संलग्न: यथोपरि

(राकेश कुमार)
निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष : 23438192
ई-मेल: dir_ol@nic.in

सेवा में,

1 .गृह मंत्रालय के सभी सम्बद्ध/ अधीनस्थ कार्यालय।
2. गृह मंत्रालय (मुख्य) और राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/ डेस्क/ अनुभाग।
3. अनुभाग अधिकारी, आई टी सेल को गृह मंत्रालय की बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

हिन्दी अधिकारी

PS

8/9/21

08.09.2021